हिन्दुस्तान • मुजफ्फरपुर गुरुवार • 22 जनवरी 2015 04

40 प्रशिक्षु शिक्षकों को दिया गया शैक्षणिक प्रशिक्षण

समस्तीपुर | एक प्रतिनिधि

स्थानीय मथुरापुर स्थित मौलाना मजहरुल हक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के छात्रों का शहर के दो स्कूलों में चल रहे 40 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम मिल्लत एकेडमी एवं मॉडल इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। अलग-अलग स्कूलों में आयोजित समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव मो. अबू तमीम, मिल्लत एकेडमी के प्रभारी प्रधानाचार्य आफाक अहमद खान, मिल्लत कस्तूरबा गांधी महिला

पुरस्कार देते सचिव मो. अबु तमीम

इंटर कॉलेज के प्राचार्य मो. रुस्तम अली, मॉडल इंटर कॉलेज के प्रचार्य पद्माकर बाबू ने प्रशिक्षु शिक्षकों से ईमानदारी व पूरे लगन से शिक्षण कार्य करने की अपील की तथा उनके अच्छे भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें बेहतर प्रस्तुती पर छात्राओं को सचिव ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर निदेशक मो. अबु सईद, प्राचार्य डा. संजय कुमार, आचार्य डा. अर्चना, डा. आभा, अशोक कुमार अकेला, रंजन कुमार, अवधेश कुमार राय, पल्लव कुमार पारस, राम शंकर राय आदि थे।

कार्यशाला का आयोजन

मोरवा। संकुल संसाधन केन्द्र मध्य विद्यालय तिसवारा सूर्यपुर में बालपंजी संधारण एवं मासिक कार्यशाला का आयोजन हुआ। अध्यक्षता समन्वयक कविता कुमारी ने की। प्रखंड समन्वयक राजीव कुमार झा द्वारा बालपंजी संधारण से संबधित विभिन्न आयामों पर चर्चा की गयी। साथ ही संकुल संसाधन केन्द्र पुरूषोत्तमपुर एवं मवि बाजितपुर करनैल में हो रहे कार्यशाला का अनुश्रवण किया।

वयोवृद्ध पत्रकार की मौत

मोरवा। कई पत्र-पत्रिकाओं के वयोवृद्ध पत्रकार गंगा प्रसाद गुप्ता की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर छा गयी है। रामाश्रय प्रसाद, प्रो. अरूण कुमार गुप्ता, जय किशुन राय ने शोक प्रकट किया है।